an>

Title: Need to take immediate remedial measures to check land erosion caused by river Amanat and Sone in villages in Garhwa and Palamu districts in Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान झारखंड राज्य के पालमू-गढ़वा क्षेत्र में विभिन्न नदियों के किनारे स्थित भूमि में कटाव से उत्पन्न समस्या की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। इस क्षेत्र की प्रमुख 'अमानत' एवं 'सोन नदी' के दोनों ओर भूमि में निरंतर कटाव हो रहा है जिसके कारण निकटवर्ती गांवों की खेती योग्य सिंचित भूमि में बालू एकत्र होने से बंजर भूमि में परिणित हो रही है। अब तो ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि मकान भी कटने लगे हैं। यदि भूमि कटाव पर शीघ्र नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में यह समस्या नियंत्रण के बाहर हो जाएगी तथा योग्य सिंचित भूमि के अतिरिक्त कच्चे मकान तक कट जाएंगे और वहां के रहने वाले लोगों को पलायन करना पड़ सकता है।...(व्यवधान)

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह झारखंड सरकार से सम्पर्क कर इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए तथा एक केन्द्रीय टीम गठित कर शीघ्र पलामू एवं गढ़वा जिला के कटाव ग्रस्त इलाकों का दौरा करने के लिए भेजी जाए तथा उससे प्रतिवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bidyut Baran Mahato

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Raj Kumar Saini

...(*Interruptions*)